प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**19.05 सोमवार** **दिनांक 24.06.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- अट्ठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू–नवनिर्वाचित सांसदों ने ली सदन के सदस्य के रूप में शपथ।
- जमाखोरी रोकने केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए गेंहू के भंडारण की सीमा निर्धारित की।
- प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आज राज्य शासन से चर्चा के बाद अपनी हड़ताल वापस लेने पर सहमति दे दी है।
- राज्य के मितानिनों को अब जल्द ही हर महीने मिलने वाला मानदेय बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किया जाएगा।

**<u>संसद–सत्र</u>**

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ लेने वाले प्रथम सदस्य रहे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली।

छत्तीसगढ़ से बिलासपुर सांसद और केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भी शपथ ली। सभी सांसदों ने अपने–अपने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के नामों के क्रम में शपथ ग्रहण किया।

इससे पहले, आज सुबह प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। सत्र के दौरान नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव छब्बीस जून को होगा। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सत्ताईस जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र सत्ताईस जून से शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

**<u>प्रधानमंत्री–संसद सत्र</u>**

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। उनकी सरकार सबको साथ लेकर और संविधान की पवित्रता को बरकरार रखते हुए तेजी से फैसले लेना चाहती है।

**<u>गेहूं–भंडारण सीमा</u>**

खाद्य सुरक्षा प्रबंधन, जमाखोरी तथा सट्टेबाजी को रोकने के लिए केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए गेंहू के भंडारण की सीमा निर्धारित की है। नई दिल्ली में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए यह सीमा तीन हजार टन होगी। खुदरा विक्रेताओं के प्रत्येक प्रतिष्ठान के लिए यह सीमा दस टन और उनके डिपो के लिए ये सीमा तीन हजार टन होगी। श्री चोपड़ा ने कहा कि यह सीमा इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक लागू रहेगी।

**<u>स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल–वापस</u>**

प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आज राज्य शासन से चर्चा के बाद अपनी हड़ताल वापस लेने पर सहमति दे दी है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की गई थी। इन मांगों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि, आठ महीने का लंबित वेतन और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा उपलब्ध कराने जैसी मांगे शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक ने संघ के प्रतिनिधिमंडल से आज विस्तार से चर्चा की। शासन की ओर से बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए करीब चवालीस करोड़ रूपए की राशि पहले ही जिलों को जारी की जा चुकी

है। इसके अलावा अन्य मांगों के संबंध में मुख्यालय स्तर पर समिति बनाकर समय–सीमा के भीतर परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद संघ ने अपनी हड़ताल को तत्काल वापस लेने पर अपनी सहमति दे दी।

## मितानिन–ऑनलाइन मानदेय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य के मितानिनों को उनका मानदेय हर महीने बैंक खाते में ऑनलाइन मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बहुत जल्द मितानिनों को बैंक खाते में ऑनलाइन भुगतान मिलने लगेगा। श्री जायसवाल ने कहा कि इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री के हाथों से होगी।

## आरएसएस–व्याख्यान माला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के पांचवें सरसंघचालक स्वर्गीय सुदर्शन जी की स्मृति में कल रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसका विषय –''भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति'' था। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और आरएसएस के मध्यक्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के पदाधिकारी और अनेक नागरिक शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री–विचार गोष्ठी

महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आज अंबिकापुर के राजमोहनी देवी सभा भवन में विचार गोष्ठी का अयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता दीदियों के साथ पत्तों से बनी पतरी और दोने पर भोजन किया। इस अवसर पर जनजाति गौरव समाज की दीदियों ने मुख्यमंत्री को भोजन परोसा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी बीस एसएलआरएम सेंटरों में वॉटर कूलर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने गोंड समाज के आवेदन पर सामुदायिक भवन के लिए पचास लाख रूपये की स्वीकृति दी।

## नीट परीक्षा

नीट परीक्षा मामले में आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। आर्थिक अपराध इकाई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पेपर लीक मामला राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा निर्धारित परिवहन, भंडारण, हैंडओवर और टेकओवर की मानक संचालन प्रक्रिया में छेड़छाड़ के कारण हुआ है।

इस मामले में देशभर में गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। महाराष्ट्र के लातूर में दो शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, बिहार पुलिस ने नीट–यूजी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में तेरह लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच अभी जारी है।

**<u>बलौदाबाजार–बैठक</u>**

बलौदाबाजार नगर में बीते दस जून को हुई आगजनी की घटना में करीब बारह करोड़ रूपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। जिले के कलेक्टर दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज संयुक्त रुप से पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि आगजनी की घटना में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के साथ ही अन्य शासकीय कार्यालयों, वाहनों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा है। एक अनुमान के अनुसार आगजनी की इस घटना में करीब दो सौ चालीस निजी और शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

घटना में वाहनों को हुई क्षति के लिए बीमा कंपनियों से राशि दिलवाई जा रही है। अब तक सात–आठ वाहन स्वामियों को बीमा राशि मिल चुकी हैं और करीब तेईस मामले प्रक्रियाधीन है।

जिला कलेक्टर ने बताया घटना से पीड़ित लोगों के लिए शारीरिक– मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने राहत समिति बनाई गई है। दस्तावेज क्षति क़ा आंकलन करने के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस, आबकारी, जिला योजना एवं सांख्यियिकी विभाग में दस्तावेज पुर्निर्माण के काम भी शुरू हो गए हैं। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय टीम बनाई गई, जो चौबीस घंटे निगरानी कर रही है। साथ ही नकारात्मक और भड़काऊ पोस्ट पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि इस घटना के संबंध में अब तक एक सौ अड़तीस लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**<u>जवान–श्रद्धांजलि</u>**

सुकमा और बीजापुर जिले के सरहदी इलाके टेकलगुड़ेम में माओवादियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट की घटना में शहीद हुए कोरबा बटालियन के जवान आर. विष्णु और शैलेन्द्र कुमार को आज बस्तर में गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। इसके बाद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह जिला तिरूवंद्रम और कानपुर के लिए रवाना कर दिया गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि कल तेईस जून को जगरगुंडा क्षेत्र के सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में माओवादियों ने जवानों को लेकर जा रहे ट्रक को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट किया गया था। इस विस्फोट में दो जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

## कोयला घोटाला–आरोपी रिमांड

कथित कोयला घोटाला मामले के तीन आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां दोनो पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने निखिल चंद्राकर को जेल भेज दिया है। वहीं, अन्य आरोपी हेमंत जायसवाल और चंद्रप्रकाश जायसवाल की ईओडब्ल्यू रिमांड सत्ताईस जून तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि इसी मामले के अन्य आरोपी शिवशंकर नाग, संदीप नायक और लक्ष्मीकांत तिवारी एक जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल में है।

## रक्तदान शिविर

अडानी समूह द्वारा छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों पर बीस से चौबीस जून तक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूह के कर्मचारियों ने करीब सत्रह सौ यूनिट रक्तदान किया। इसके अलावा सरगुजा में पच्चीस हजार से अधिक पौधों का रोपण भी किया गया।

## हाथी–आतंक

कोरबा वन मंडल में हाथियों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। डिप्टी रेंजर  ने बताया कि दस हाथियों का झुंड कोरबा रेंज के ग्राम दरगा होते हुए अब ग्राम केराकछार तक पहुंच गया है। हाथियों ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में बताती गांव में एक ग्रामीण की बाड़ी में लगे फेंसिंग तार और खंभे को तोड़ दिया। इसके साथ ही केले और सब्जी की फसल को भी नष्ट कर दिया। बड़ी संख्या में हाथियो के केराकछार गांव पहुंचने पर वन अमला सतर्क हो गया है। केराकछार और आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को भी सावधान कर दिया गया है। वहीं, तीन हाथी धरमजयगढ़ वन मंडल से कुदमुरा रेंज के ग्राम चचिया पहुंच गए हैं। इन हाथियों की निगरानी वन विभाग द्वारा की जा रही है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल..**

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

**संक्षिप्त समाचार**
**और अब कुछ खबरें संक्षेप में–**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शाम को नई दिल्ली के लिए रवाना होगें। वे नई दिल्ली में पार्टी और केन्द्र सरकार के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे।

– आज बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने जगदलपुर के कुम्हरावण्ड स्थित शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केन्द्र में एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों की जानकारी अध्यापकों और विद्यार्थियों दी।

और

– प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा इक्कीस जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने इच्छुक और पात्र विद्यार्थी आठ जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>